आकाशवाणी चंडीगढ़

08 मई 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार:-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खाते में करोड़ों रुपये की राशि हस्तांतरित की।

2. श्री नायब सिंह ने पंजाब सरकार पर जनता की आकांक्षाओ को पूरा करने मे विफल रहने का आरोप लगाया।

3. केंद्र सरकार ने कहा, देश भर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी।

4. केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा, विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

5. हरियाणा मे आज विश्व रेड क्रॉस दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में करोड़ों रुपये की राशि हस्तांतरित की। जिसमें लाडो लक्ष्मी योजना की 7वीं किश्त शामिल है।मुख्यमंत्री ने 9 लाख 76 हजार बहनों के खाते में 205 करोड़ रुपये की राशि जारी की।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनों के तहत 35 लाख 62 हजार लाभार्थियों को 1146 करोड़ 73 लाख रुपए जारी किए गए।इसी तरह मुख्यमंत्री ने किसान मुआवजा राशि भी जारी की।

इसके इलावा दयालु योजना के तहत 5,677 परिवारों को 215 करोड़ 29 लाख रुपए की सहायता राशि और 11 लाख 23 हजार बहनों के खाते में गैस सिलेंडर सब्सिडी के 38 करोड़ 54 लाख रुपये की राशि जारी की गई। साथ ही 64,923 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 100 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि डिजिटल माध्यम से प्रदान की गई।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अलग-अलग क्षेत्रों में हरियाणा व पंजाब सरकार से संबंधित तथ्यों और आंकड़ों की तुलना करते हुए पंजाब सरकार को असफल

बताया। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में लाभ राशि के सीधे हस्तांतरण उपरांत पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पंजाब में हुए बम विस्फोट के संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उन्हें इस बारे में कुछ पता नहीं है जबकि वहां के पुलिस महा निदेशक के अनुसार इसके तार आईएसआई से जुड़े हो सकते हैं।

श्री नायब सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार नशे व खनन को नियंत्रित करने का झूठा दिखावा कर रही है।उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग बदलाव चाहते हैं। उनके पंजाब दौरों पर विपक्ष द्वारा उठाई जा रही आपत्ति के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लोग उन्हें प्यार से अपने कार्यक्रमों में बुलाते हैं तो इससे विपक्ष को क्या परेशानी है। एक प्रश्न के उत्तर में श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा काफी पहले की गई घोषणा के बावजूद आज तक वहां महिलाओं को आर्थिक लाभ नहीं दिया गया। हरियाणा के वर्तमान बजट में महिलाओं के लिए 6500 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान करने के बाद पंजाब सरकार ने लोक दिखावा करते हुए आनन-फानन में विधानसभा में महिलाओं के लिए घोषणा कर दी जबकि अभी तक एक महिला को भी लाभ नहीं मिला है।

-------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश भर में घरेलू एलपीजी की सुचारू आपूर्ति जारी है। नई दिल्ली में आज पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की कमी का सामना न करना पड़े और कीमतें स्थिर बनी रहें।

सुश्री शर्मा ने कहा कि सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के लिए पांच किलोग्राम के सिलेंडरों की आपूर्ति भी बढ़ा दी है।

-------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल मे जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक मे केंद्र व राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने मीडीया से बातचीत मे कहा कि पलवल जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए है। विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विकास कार्यों की रिपोर्ट पेश करने के भी निर्देश दिए गए है।

एक सवाल के जवाब मे श्री गुर्जर ने कहा कि विकास कार्यों में कोताही बरतने की शिकायत बैठक में सामने आई है। ऐसे मामलों की जांच के निर्देश दिए गए है। जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

--------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा में नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। आज पंचकूला में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने वार्ड 12 से निर्दलीय चुनाव लड़ रही पूर्व पार्षद ओमवती पूनिया के घर पहुंच कर उनकी भाजपा में घर वापसी कराई। पूर्व पार्षद ओमवती पूनिया ने भाजपा प्रत्याशी राकेश जगोता को समर्थन देने की घोषणा की और कहा कि वह भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने के लिए मेहनत करेंगी।

--------------------------------------------------------------------------------------------

अंबाला नगर निगम चुनाव को लेकर आज विभिन्न राजनीतिक दलों तथा आजाद उम्मीदवारों द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में रोड शो निकाले गए। इन रोड शो में उम्मीदवारों के समर्थन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। उम्मीदवार खुले वाहनों में सवार होकर लोगों के बीच पहुंचे और लोगों से समर्थन मांगा।

--------------------------------------------------------------------------------------------

प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णमूर्ति हुड्डा ने आज रोहतक में एक पत्रकार वार्ता की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के एक पत्रकार वार्ता में दिए उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी जिसमें हुड्डा ने सांपला नगर पालिका चुनाव में सांपलवासियों से भाजपा के खिलाफ मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि सांपला नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपना उम्मीदवार भी खड़ा नहीं कर पाई जबकि यह क्षेत्र भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विधानसभा क्षेत्र में आता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री के गृह जिले में करीब खत्म होने के कगार पर है।

--------------------------------------------------------------------------------------------

आज विश्व रेड क्रॉस दिवस पर हरियाणा में रक्त दान शिविर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जींद जिले में रेड क्रॉस भवन में आयोजित मुख्य समारोह में मानवता की सेवा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपना संदेश दिया।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कौशिक ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से रक्तदान शिविर के आयोजन के अलावा लगभग सवा पांच लाख रुपये की लागत के सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।

-----------------------------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद में भी विश्व रेडक्रॉस दिवस जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सेवा, जागरूकता और मानवता को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

-----------------------------------------------------------------------------------------

आज विश्व थैलेसीमिया दिवस व विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर हिसार रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर और एक रैली का भी आयोजन किया गया। रैली में लोगों को नशे के दुष्परिणाम बारे जागरूक किया गया। नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील गर्ग ने कहा कि इस वर्ष विश्व थैलेसीमिया दिवस का थीम है- कोई भी छिपा हुआ न रहे जो बिना निदान के हैं उनको खोजना और जो अनजान हैं उनका समर्थन करना। उन्होंने कहा कि इस बार पूरे पखवाड़े में जनसाधारण के बीच थैलेसीमिया की बीमारी के बारे में जागरूकता बधाई जाएगी और जो छिपे हुए मरीज हैं उनको खोजा  जाएगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------